(40)

दिल्ली जल बोर्ड. दिल्ली सरकार
उप निदेशक (श्रम कल्याण)
वरुणालय 'बी' बिल्डिग.
करोल बाग नई दिल्ली–110005

# निर्देशात्मक आदेश

**विषयः– सेवा–निवृत होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को देय लाभाशों का विवरण सेवा–निवृत माह की 05वी तारिख तक भेजने के निर्देश**

प्रत्यके माह के अन्तिम कार्य दिवस पर दिल्ली जल बोर्ड से सेवा--निवृत होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों के सम्मान में दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय मे अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जाता है। सेवा--निवृत समारोह मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में संचालित किया जाता है, जिसमें सदस्य प्रशासन, निदेशक (प्रशासन एवं का0) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहते है।

सेवा–निवृत समारोह के आयोजन का मुख्य उदेश्य यह सुनिश्चित करना होता है की सेवा–निवृत होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को देय सभी लाभाशों का भुगतान उनकी सेवा--निवृति तक अवश्य हो जाए। इस सन्दर्भ में सक्षम अधिकारी के संज्ञान में आया है कि अक्सर विभागाध्याक्षों द्वारा सेवा निवृत होने वाले अधिकारी / कर्मचारी को देय लाभाशों का विवरण श्रम कल्याण विभाग में उचित समय पर प्राप्त नही हो पाता जिस कारण अनावश्यक असमंजस / सशंय की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

अतः मुझें सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देश देने का आदेश प्राप्त हुआ है की प्रत्येक विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुप से, सेवा–निवृत होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों के देय लाभाशों का विवरण, सेवा–निवृत माह के प्रथम सप्ताह की **05 तारीख तक श्रम कल्याण विभाग मे पहुचाना सुनिश्चत करे**। यदि किसी अधिकारी / कर्मचारी के देय लाभाशों को किन्ही कारणो से रोका जाता है तो इस की विस्तृत रिर्पोट माह की 05 तारिख तक श्रम कल्याण विभाग में अवश्य प्रेषित की जाये।

EXECUTIVE ENGINEER (E...)
DIARY No. 89
DATE 8/1/14

उपरोक्त निर्देशो का पालन करनें में कोई कोताही पाये जाने पर संबंधित विभागाध्यक्ष स्वयं उत्तरदायी होगे और उक्त मामला सक्षम अधिकारी के समक्ष विभागीय कार्यवाही करने हेतू प्रस्तुत करा दिया जाएगा।

(शेखर कुमार)
उप निदेशक (कल्याण)

सभी विभागाध्यक्ष, दि0ज0बो0.

क:दिजबो / उ.नि.(श्र.क.) / क.स.प्र.(अ) / 2014. / डी– 3602 दिनॉक 7-1-14

प्रतिलिर्पिः–
1.सदस्य(प्रशासन) / सदस्य(वित्त): सूचनार्थ
2.निदेशक(प्रा0 एवं का0): सूचनार्थ
3.अधिशासी अभियंता(ई0डी0पी0) : दि0ज0बो0 की बेब–साईट पर प्रकाशनार्थ
4.परामर्श दात्री (जन–सम्पर्क): वरुण पत्रिका में प्रकाशनार्थ

(शेखर कुमार)
उप निदेशक (कल्याण)

EE (EDP) Sanjay 8/1